# मेरो मदन गोपाल

मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल,
धन दौलत मोहे कुछ ना चाहिए जोडू दोनों हाथ,
मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल.....

छोटा सा एक बंगला चाहिए घुम्मन को एक कार,
धूम धाम में घर को आऊ नौकर चाहिए चार,
मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल....

दाल भात खाने को चाहिए ऊपर घी की धार,
पूड़ी कचौड़ी कुछ ना चाहिए रबड़ी लच्छेदार,
मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल....

जालीदार एक लहंगा चाहिए ऊपर चुनरी लाल,
गोरी गोरी भैया हरी हरी चूड़ियां अमर रहे सुहाग,
मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल....

पूत तो सपुत चाहिए बहू कुलवंती नार,
आए गये की लाज रखें और दोनों कुल की लाज,
मेरो मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल.....

छोटा सा एक पोता चाहिए सर पर रख दो हाथ,
वेद डॉक्टर घर ना आवे जी वे सौ सौ साल,
मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31373/title/mero-madan-gopal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |